Hindi | हिन्दी

Australian Government

NATIONAL
CERVICAL SCREENING
PROGRAM
A joint Australian, State and Territory Government Program

सर्विकल स्क्रीनिंग टस्ट - आपक विकल्पों क विषय में बताया गया हैं

हर 5 साल म सर्विकल स्क्रीनिंग टस्ट करान से आपको अपन और अपन परिवार दोनों क लिए स्वस्थ रहन म मदद मिलेगी।

1. सर्विकल स्क्रीनिंग खुद को सर्विकल कैंसर से बचाने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है - ताकि आप **अपने और अपने परिवार के लिए स्वस्थ रह सकें।**



2. यह एक **तुरंत होने वाला परीक्षण** है जिसे आप **हर 5 साल** में एचपीवी (HPV) नामक वायरस की जाँच के लिए करते हैं, जिससे सर्विकल कैंसर हो सकता है।

3. यदि आप 25-74 वर्ष की आयु वाली महिला या ऐसे व्यक्ति हैं, जिनका गर्भाशय ग्रीवा है, तो आपको अपने **डॉक्टर या नर्स** से सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट कराने के बारे में बात करनी चाहिए।

4. आप यह **चुन** सकती हैं कि आपका सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट कैसे किया जाता है। 2 विकल्प हैं और आप चुन सकती हैं कि आपके लिए कौन सा सही है।

5. **आपका डॉक्टर या नर्स आपका परीक्षण कर सकते हैं।** आपको अकेले में अपनी कमर के नीचे से कपड़े उतारकर चादर से ढक कर लेटने के लिए कहा जाएगा।



6. डॉक्टर या नर्स आपकी ग्रीवा (सर्विक्स)से नमूना लेंगे। यह थोड़ा असहज हो सकता है लेकिन इसमें दर्द नहीं होना चाहिए। इसमें कुछ ही मिनट लगेंगे।



7. या आप स्वयं नमूना ले **सकती हैं।** आपका डॉक्टर या नर्स आपको समझाएंगे कि अपना खुद का नमूना कैसे लेना है और आपको एकांत जगह देंगे। अपने डॉक्टर या नर्स से इस तरह की एक और गाइड दिखाने के लिए कहें ताकि आपको अपना नमूना लेने में मदद मिल सके।

8. दोनों विकल्प सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट कराने के सुरक्षित तरीके हैं। याद रखें, अगर आप चाहें तो महिला डॉक्टर या नर्स की मांग कर सकती हैं।

अपने डॉक्टर या नर्स से बात करने के लिए अपॉइंटमेंट बुक करें। आप यह भी कर सकती हैं:

- सर्विकल स्क्रीनिंग के बारे में अधिक जानकारी के लिए **health.gov.au/NCSP-multicultural** पर जाएँ
- **1800 627 701** पर कॉल करें
- अपनी भाषा में सहायता प्राप्त करने के लिए अनुवाद और दुभाषिया सेवा (TIS National) को **13 14 50** पर कॉल करें।